**Balance Work of Civil, PEB, Interior, Furniture and Electrical Worksat Niyojan Bhawan 7th Floor for Bihar Vikash Mission, Patna के कार्य हेतु दिनांक 18.04.2018 को प्राप्त ई0-निविदा के तकनीकी बीड निस्तार के लिए दिनांक 09.07.2018 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:**

1. श्री राम सागर प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. श्री तपेश्वर प्रसाद साह, महाप्रबंधक(वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
3. श्री रंजित प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक(दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
4. श्री अरविन्द कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, पटना। — सदस्य

कार्यवाही:-

**Balance Work of Civil, PEB, Interior, Furniture and Electrical Worksat Niyojan Bhawan 7th Floor for Bihar Vikash Mission, Patna** के कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रसारण दैनिक समाचार पत्र ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक 05.03.2018 के संस्करण में हुआ था, जिसका पी0आर0 सं0-15554(Ni Ni) नि0नि0 2018-19 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति ₹3,03,57,000 मात्र है जिसकी पुनरीक्षित प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹3,29,46,400.00 मात्र तथा इस **Additional Work** का परिमाण-विपत्र की राशि ₹26,49,297.00 मात्र है।

इस निविदा में चार निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना के द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता ''टेक्नो इंजिनियर्स, कंकरबाग भूतनाथ रोड, अमरनाथ मंदिर, थना-अगमकुँआ, पो0-बहादुरपुर पटना'' है, जिनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया। ये Mandatary के सभी अहर्त्ताओं को पूरा करते है। अतएव इन्हें रिस्पॉसिव पाया गया एवं इन्हें सफल घोषित किया गया। इनके द्वारा उद्धत दर प्राक्कलित राशि ''₹26,49,297.00'' से 5% अधिक दर पर यानि कुल ₹27,81,761.85 (सत्ताईस लाख ईक्कासी हजार सात सौ एकसठ रुपये पच्चासी पैसे) मात्र है।

द्वितीय निविदादाता ''सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, अलका कॉलोनी, संदलपुर, कुम्हरार, पटना'' हैं, जिनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया। ये Mandatary के अहर्त्ताओं में इनके द्वारा संलग्न किया गया TD की Date of Maturity दिनांक 25-03-2018 को पुरा हो चुका है। अतएव इन्हें नॉन-रिस्पॉसिव पाया गया एवं असफल घोषित किया गया।

तृतीय निविदादाता ''अभिषेख रंजन, रामसखी भवन, पटेल नगर, पटना'' है, जिनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया। ये Mandatary के सभी अहर्त्ताओं को पूरा करते है। अतएव इन्हें रिस्पॉसिव पाया गया एवं सफल घोषित किया गया। इनके द्वारा उद्धत दर प्राक्कलित राशि ''₹26,49,297.00'' से 10% कम दर यानि ₹23,84,367.30 (तेईस लाख चौरासी हजार तीन सौ सड़सठ रुपये तीस पैसे) मात्र है।

चतुर्थ निविदादाता ''कलसी बुल्डकॉन प्रा0 लि0, मनीकरण टावर, हिनु राँची'' है, जिनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया। Mandatary के अहर्त्ताओं के लिये आवश्यक कागजातों में से कोई कागजात इनके द्वारा अपलोड नही किया गया है। अतएव इन्हें नॉन-रिस्पॉसिव पाया गया एवं असफल घोषित किया गया।

अतएव इस कार्य में सफल एवं न्यूनतम निविदादाता ''अभिषेख रंजन, रामसखी भवन, पटेल नगर, पटना'' के पक्ष में कार्य आवंटन करने की अनुशंसा समिति द्वारा की जाती है।

सम्यक् विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त निर्णय को निगम के बेवसाईट पर दिनांक: 19.07.2018 के 01:00 बजे अपराह्न तक आपत्ति हेतु रखी जाय। आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं प्राक्कलित राशि में वृद्धि के फलस्वरुप वित्त विभाग, बिहार सरकार के संकल्प सं0-3578, दिनांक: 31.05.2017 की कंडिका-5 के आलोक में प्रशासी विभाग से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार मुख्य महाप्रबंधक, निविदा का निष्पादन करेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9/7/18 | 9-7-18 | 09.07.18 | 9/07/18 |
| (अरविन्द कु0 सिंह) | (रंजित प्र0 सिंह) | (तपेश्वर प्र0 साह) | (राम सागर प्रसाद) |
| उप महाप्रबंधक, | महाप्रबंधक (दक्षिण), | महाप्रबंधक (वित्त), | मुख्य महाप्रबंधक |
| पी0आई0यू0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। |